हिन्दी पखवाड़ा उद्‌घाटन समारोह 2024

दिनांक 18 सितम्बर 2024 को केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर में हिन्दी पखवाड़ा उद्‌घाटन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान निदेशक डॉ. ओ. पी. यादव ने कहा कि हिन्दी को संघ सरकार की राजभाषा के रूप में अंगीकृत किये 75 वर्ष पूर्ण हो गये हैं | इस वर्ष राजभाषा हीरक जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है | इस दौरान राजभाषा के प्रयोग में सराहनीय प्रगति हुई है | काजरी संस्थान कृषकों से सीधे जुड़ा होने के कारण हिन्दी की सम्प्रेषण की भाषा के रूप में महता बढ़ जाती है | कार्यक्रम की शुरूआत परिषद गीत से की गयी। संस्थान के उप निदेशक (राजभाषा) श्री नवीन कुमार यादव द्‌वारा स्वागत संबोधन किया गया तथा इस अवसर केन्द्रीय गृह मंत्री जी एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री जी के संदेशों का पाठन किया गया। उप निदेशक (राजभाषा) ने बताया कि संस्थान में दिनांक 18 सितम्बर 2024 से 3 अक्टूबर 2024 तक आयोजित हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत अंताक्षरी प्रतियोगिता, हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता, प्रश्न मंच प्रतियोगिता, कम्प्युटर पर यूनिकोड में हिन्दी टंकण प्रतियोगिता, आशु भाषण प्रतियोगिता, हिन्दी शोधपत्र प्रदर्शनी प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता व स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता सहित कुल आठ प्रतियोगितायें आयोजित की जायेंगी।

संस्थान के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (वरि.ग्रेड) श्री सुरेश कुमार द्‌वारा राजभाषा प्रतिज्ञा दिलायी गयी। साथ ही संघ सरकार के राजभाषा संबंधी प्रावधानों के अनुपालन की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर श्रीमती सुनीता आर्य, लेखा नियंत्रक ने अधिकाधिक कार्य हिन्दी में किये जाने की अपील की | धन्यवाद ज्ञापन श्री नवीन कुमार यादव द्‌वारा दिया गया। कार्यक्रम संचालन श्रीमती अनिता शेखावत द्‌वारा किया गया।